एक नजर

70 परीक्षा केंद्रों पर होंगी यूओयू की शीतकालीन परीक्षाएं

स्वतंत्र चेतना

हल्द्वानी। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय की शीतकालीन परीक्षाएं 2 फरवरी से शुरू हो रही हैं और 9 मार्च तक चलेंगी। विश्वविद्यालय की शीतकलीन परीक्षा सत्र की यदि बात करें,तो पिछले वर्षों की तुलना में इस वर्ष सर्वाधिक परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। इस वर्ष परीक्षा के लिए कुल 63 हजार परीक्षार्थियों का नामांकन है। परीक्षा राज्य के 70 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जा रही हैं। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर सोमेश कुमार ने कहा की परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षार्थी 24 जनवरी से यानी आज से विश्वविद्यालय की वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश पत्र में परीक्षार्थी के संबंधित परीक्षा की तिथि, समय, पाली, विषय और परीक्षा केंद्र भी अंकित है।

सरकारी कार्यालयों और व्यावसायिक भवनों में अनिवार्य करें सोलर पैनल : मुख्यमंत्री

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। मुख्यमंत्री ने राज्य सचिवालय से लेकर तमाम सरकारी कार्यालयों में सोलर पैनल को अनिवार्य करने और बड़े व्यावसायिक भवनों में भी इसकी अनिवार्यता करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए समस्त प्राधिकरणों को निर्देश दिए कि नक्शा पास करते समय इसका बखूबी पालन कराया जाए। इससे हम काफी ऊर्जा की बचत कर सकेंगे। मंगलवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैठक के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से 1 करोड़ लोगों के लिए सोलर पैनल योजना शुरू करने का जिक्र करते हुए यह निर्देश दिए। हर विभाग अपनी मॉडल धरातल पर उतरे: मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में राज्य की सिल्वर जुबली तक हर विभाग अपनी एक मॉडल योजना धरातल पर उतारे। राज्य को देश के अग्रणी राज्य में शामिल करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जब भी उत्तराखंड दौरे पर आते हैं तो यह जिक्र करते हैं 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का होगा। उनके यह शब्द न केवल हमें प्रेरणा देते हैं बल्कि यह हमारे अंदर जिम्मेदारी का भी भाव लाता है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में जब राज्य अपनी सिल्वर जुबली मना रहा होगा तो हर विभाग को इससे पहले अपनी एक मॉडल योजना जरूर धरातल पर उतारनी चाहिए।

23 और 26 जनवरी को ऊंचाई वाले क्षेत्रों पर हो सकती है बर्फबारी : डॉ. बिक्रम सिंह

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। उत्तराखंड के मौसम में इस बार बदलाव देखा जा रहा है। इस बार बर्फबारी कम हुई है, लेकिन मौसम विभाग की ओर से जारी पांच दिनी पूवार्नुमान में कहा गया है कि उत्तरकाशी, पिथौरागढ़ में 23 और 26 जनवरी को ऊंचाई वाले क्षेत्रों में कहीं-कहीं हल्की से बहुत हल्की बर्फबारी हो सकती है। शेष सभी 11 जनपदों में मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के निदेशक डॉ. बिक्रम सिंह ने बताया कि पूवार्नुमान के अनुसार देहरादून, पौड़ी, नैनीताल के साथ मैदानी क्षेत्रों में सुबह के समय कोहरा छाया रहने की संभावना है जबकि 23 और 26 को राज्य के उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जनपदों के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की से बहुत हल्की बर्फबारी होने की संभावना है। अन्य जनपदों में 24 जनवरी से कहीं कहीं पाला पड़ने की संभावना है। मौसम विभाग के मौसम के पूवार्नुमान के मुताबिक हरिद्वार और ऊधमसिंह नगर के लिए चेतावनी दी है कि वहां कुछ स्थानों पर घना से बहुत घना कोहरा होगा। कुछ जगह शीत से भीषण शीत दिवस और शीत लहर चलने की संभावना है।

उत्तराखंड के पर्यटन क्षेत्र में असीम संभावनाएं : राज्यपाल

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेनि) से राजभवन में सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे ने भेंट की। मंगलवार को हुई इस भेंट में उन्होंने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभाग के किए जा रहे प्रयासों और पहल का प्रस्तुतिकरण दिया। राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखंड में पर्यटन के क्षेत्र में असीम संभावनाएं हैं। हमें इसका लाभ लेकर यहां पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए विशेष प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अछूते पर्यटक स्थलों के प्रचार-प्रसार के विशेष प्रयास किए जाएं, जिससे लोग इनके बारे में जान सकें। उन्होंने कहा कि कोविड के बाद पूरा विश्व योग, आयुर्वेद, आध्यात्म और प्राकृतिक सौंदर्य का लाभ लेना चाहता है, जिसके लिए उत्तराखंड से बेहतर और कोई स्थान नहीं हैं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए अवस्थापना सुविधाओं के विकास के साथ-साथ प्रचार-प्रसार पर कार्य करने की जरूरत है। अपने प्रस्तुतिकरण में सचिव ने बताया कि मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत प्रथम चरण में कुमाऊं के मंदिरों में सुनियोजित विकास के कार्य किए जा रहा है। इसमें अधिकांश मंदिरों में होने वाले विकास कार्यों की डीपीआर तैयार कर ली गई है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एयर सफारी और जायरोकॉप्टर के माध्यम से पर्यटकों को आकर्षित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि होम स्टे के माध्यम से भी लोगों को पर्यटन गतिविधियों से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि मार्केटिंग और प्रमोशन के लिए भी विभाग निरंतर प्रयासरत है। इस अवसर पर निदेशक मार्केटिंग, यूटीडीबी सुमित पंत, ओएसडी केदारनाथ उत्थान चौरिटेबल ट्रस्ट सतीश बहुगुणा उपस्थित थे।

राहुल गांधी को मंदिर जाने से रोकने पर कांग्रेस नाराज, पुतला फूंका

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। राहुल गांधी को असम के बटाद्रवा स्थित श्री शंकर देव मंदिर जाने से रोके जाने से आक्रोशित कांग्रेस कार्यकताओं ने मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया।

महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी के नेतृत्व में असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और भाजपा का पुतला फूंका। उन्होंने कहा कि भाजपा ने लोकतांत्रिक मूल्यों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया है। इसी प्रकार का वैमनस्य अगर कांग्रेस भी पूर्व में भाजपा के खिलाफ रखती तो आज देश में कोई भाजपा का नाम तक जानता नहीं।

राहुल गांधी का तो नारा ही है कि ह्यडरो मतह्ल। इन हथकंडों से यात्रा पर असर नहीं पड़ेगा। इनसे बस जनता के सामने भाजपा की कुत्सित मानसिकता उजागर हो रही है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष पूरण सिंह रावत ,प्रदेश महासचिव महेंद्र सिंह नेगी ,प्रदेश महासचिव मनीष नागपाल एक संजय शर्मा ,अभिषेक तिवारी ,सुनील जायसवाल ,राजेश पुंडीर ,राजेश उनियाल, मिजाज खान ,अरुण बलूनी, एस.बी.थापा , आलोक मेहता, पूनम कंडारी, सुरेन्द्र सैनी , मनीष कुमार , सावित्री थापा , लड्डू , मंजू चौहान,सुनीता गुप्ता , समर जहां, कौशर जहां, पवीन कुमार थापा , जगदीश धीमान , सौरभ थापा आदि उपस्थित थे।

होम्योपैथिक चिकित्सक की संदिग्ध मौत, परिवार में कोहराम

स्वतंत्र चेतना

काशीपुर(उधम सिंह नगर)। एकाकी जीवन जीने वाले एक होम्योपैथिक चिकित्सक की बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी पुलिस चौकी के ठीक सामने कुंडेश्वरी निवासी विमान राय 69 वर्ष पुत्र श्यामा प्रसाद राय पिछले लगभग डेढ़ वर्ष के करीब से परिवार से अलग रहकर होम्योपैथिक चिकित्सक के रूप में घर से प्रेक्टिस किया करते थे। उनकी पत्नी के अलावा पुत्र प्रणय राय तथा पुत्री मुनमुन राय नवोदय नगर रोशनाबाद हरिद्वार में किराए पर रहते हैं। पुत्री की शादी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि सोमवार की शाम अचानक घर के शौचालय में चिकित्सक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस को मामले की जानकारी मिलने पर उसने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेते हुए उसे पीएम हाउस भेज दिया जहां से आज पोस्टमार्टम के बाद पुलिस द्वारा मृतक के शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। अचानक घटी घटना को लेकर मृतक परिवार में शोक व्याप्त है। घटना को लेकर प्रथम दृश्य पुलिस का अनुमान है कि चिकित्सक की मौत ब्रेन हेमरेज अथवा हार्ट अटैक के कारण हो सकती है।

शादी का झांसा देकर 4 वर्ष तक करता रहा आबरू से खिलवाड़

कानूनी कार्यवाही करने पर आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी, कराया गर्भपात, बुलेट मोटरसाइकिल व भारी दहेज की डिमांड

स्वतंत्र चेतना

काशीपुर(उधम सिंह नगर)। शादी का झांसा देकर युवती की आबरू से खिलवाड़ करने का एक और सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। कोर्ट के निर्देश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद प्राथमिक दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कोतवाली थाना क्षेत्र निवासी एक युवती ने बताया कि ग्राम मोहद्दीपुर जनपद अमरोहा उत्तर प्रदेश निवासी अरविंद कुमार पुत्र निहाल सिंह शादी का झांसा देकर पिछले लगभग 4 वर्ष के करीब से लगातार उसका शारीरिक शोषण कर रहा है। कोर्ट को दिए प्रार्थना पत्र में पीड़िता ने बताया कि आरोपी द्वारा उसके साथ लगातार दुष्कर्म करने के फलस्वरुप जब वह प्रेग्नेंट हो गई तो आरोपी द्वारा उसे अस्वस्थ कराया गया कि दवा खाकर वह गर्भपात कर ले। इसके बाद वह उससे शादी कर लेगा लेकिन पीड़िता ने जब दवाई खाकर गर्भपात करा लिया तो आरोपी वादे से मुकर गया। पीड़िता का रूप है कि शादी के नाम पर बुलेट मोटरसाइकिल और भारी भरकम दहेज की डिमांड की गई।

आरोपी ने साफ कहा कि दहेज न मिलने की स्थिति में वह शादी कदापि नहीं करेगा। उसने यह भी कहा कि यदि इस मामले में कानून का सहारा लेने का प्रयास किया गया तो वह उसके आपत्तिजनक फोटो वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। 2023 की 21 दिसंबर को इस मामले में पीड़िता ने जिले के पुलिस कप्तान को लिखित रूप में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई लेकिन एसएसपी ने मामले को अनसुना कर दिया। इससे पूर्व पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को भी लिखित तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग किया लेकिन पुलिस ने भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया फलस्वरुप पीड़िता ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। शारीरिक शोषण के उक्त मामले में न्यायालय ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत करने के निर्देश दिए इसी पर हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संगीत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

ड्रोन क्षेत्र में नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाएं : मुख्य सचिव

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। उत्तराखंड के मुख्य सचिव ने मंगलवार को सचिवालय में प्रदेश की ड्रोन पॉलिसी के सम्बन्ध में बैठक ली। मुख्य सचिव ने कहा कि ड्रोन क्षेत्र में नवोन्मेषी दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। इसके लिए देश के प्रौद्योगिकी संस्थानों से सहयोग लेने के लिए अनुबंध किए जाएं। मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधू ने कहा कि उत्तराखंड मोस्ट हेलीकॉप्टर फ्रेंडली स्टेट है। इससे एक ओर हेली सेवा को अत्यधिक फायदे हैं वहीं दुर्घटनाओं की संभावनाओं को देखते हुए ड्रोन के लिए प्रतिबंधित क्षेत्र भी हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन कॉरिडोर के लिए जीरो रिस्क एरिया पर फोकस किया जाए। पिटकुल और यूपीसीएल की बहुत सी हाई टेंशन और लो टेंशन लाइन्स को ध्यान में रखते हुए यूपीसीएल और पिटकुल से आपसी सामंजस्य स्थापित किया जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि ड्रोन के क्षेत्र में निवेश को बढ़ावा देने के लिए ड्रोन पॉलिसी का प्रचार प्रसार किया जाए। साथ ही प्रदेश के युवाओं को ड्रोन के क्षेत्र में प्रशिक्षण और रोजगार की दिशा में भी कार्य किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों से ड्रोन के विभिन्न प्रकार के कोर्स कराए जा सकते हैं। इस अवसर पर सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, शैलेश बगोली, निदेशक आईटीडीए विनीत कुमार एवं आईजी (सुरक्षा) राजीव स्वरूप सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने पूर्व दर्जा राज्य मंत्री स्व. हयात के घर पर पहुंच व्यक्त की शोक संवेदना

स्वतंत्र चेतना

चंपावत। मुख्यमंत्री और पूर्व राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने मंगलवार को वरिष्ठ नेता और पूर्व दर्जा राज्यमंत्री स्व.हयात सिंह महरा के पैतृक गांव इन्द्रपुरी, बाराकोट ईजड़ा लोहाघाट पहुंच कर शोकाकुल परिवार से संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री पंडित दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज मैदान ईजड़ा गांव में बनाए गए हेलीपैड पहुचे वहां से वह पैदल एवं कार से ईजड़ा गांव स्थित आवास पर पहुंचकर शोकाकुल परिवार जनों को गले लगाकर इस दुख की घड़ी में ढांढस बंधाते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने ईश्वर से पुण्य आत्मा को श्री चरणों में स्थान देते हुए शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि स्व.महरा के जाने से पार्टी को क्षति हुई है, वे पार्टी के लिए एक स्तंभ रहे। बीते दिनों भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल महरा के पिताजी का 72 वर्ष की आयु में लंबी बीमारी के बाद स्वर्गवास हो गया था। इसके उपरांत मुख्यमंत्री देहरादून के लिए रवाना गए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष कैलाश शर्मा, अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, भाजपा प्रदेश मंत्री हेमा जोशी, उद्योगपति नरेंद्र लडवाल, मुकेश कालखुड़िया, जिलाधिकारी नवनीत पांडे, पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष लोहाघाट गोविंद लाल वर्मा समेत शोकाकुल परिवार जन एवं जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी आदि मौजूद रहे।

सूचना

दैनिक स्वतंत्र चेतना हिंदी दैनिक समाचार पत्र प्राप्त करने के लिए अथवा विज्ञापन या समाचार प्रकाशित कराने के लिए संपर्क करें।

सम्पर्क करें
स्वतंत्र चेतना
डी-21 ओल्ड इंण्डस्ट्रियल एरिया हरिद्वार
मो० 8924876203

आवश्यकता है

उत्तराखण्ड के दैनिक स्वतंत्र चेतना समाचार पत्र के लिए विभिन्न जिलों कुमाऊ, चमोली, नई टिहरी, रानीखेत, उत्तरकाशी, रूद्रप्रयाग, गोपेश्वर, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, बागेश्वर, अल्मोड़ा, नैनीताल, चम्पावत आदि जिलों के लिए अवैतनिक संवाददाओं की आवश्यकता है ।

सम्पर्क करें
स्वतंत्र चेतना
डी-21 ओल्ड इंण्डस्ट्रियल एरिया हरिद्वार
मो० 8924876203

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
पंजीकृत कार्यालय: 602, 6वीं मंजिल, जीरो वन आईटी पार्क, क्रमांक 79/1, घोरपडी, मुंडवा रोड, पुणे-411036

परिशिष्ट IV (नियम 8(1 देखें)
कब्जा नोटिस
(अचल संपत्ति के लिए)

जबकि, अधोहस्ताक्षरी गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस के नाम से जाना जाता था) का प्राधिकृत अधिकारी है 17 नवंबर 2023 से पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का नाम बदलकर गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड कर दिया गया (पहले मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता है और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से निगमित है)
इसके बाद वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत उपरोक्त कॉर्पोरेट/रजिस्टर कार्यालय के सुरक्षित ऋणदाता के रूप में संदर्भित किया गया है।
और सुरक्षा हित अधिनियम, 2002 का प्रवर्तन (इसके बाद ह्लउक्त अधिनियमह्ल के रूप में संदर्भित) और धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम के तहत नीचे दी गई तारीख का एक मांग नोटिस जारी किया गया है
उधारकर्ताओं को उक्त नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 60 दिनों के भीतर नोटिस में उल्लिखित राशि चुकानी होगी।
उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने ऋण लिया है
नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा
सुरक्षा हित प्रवर्तन नियम 2002 के उक्त नियमों की नीचे उल्लिखित तिथियों पर।
विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नहीं किया जाएगा।
सुरक्षित लेनदार के प्रभार के अधीन राशि और उस पर ब्याज।
सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।
कब्जे में ली गई संपत्ति का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र सं.	उधार कर्ता का नाम	संपत्ति का विवरण	कब्जा लेने की तारीख	की तारीख वैधानिक मांग सूचना	इसमें राशि मांग सूचना (रुपये)
	मोहम्मद अकबर, अजहरुद्दीन, अली नवाज, नर्गिस, इमरान अहमद	म्यूनिसिपल नंबर 43 नेशविला का वह सारा टुकड़ा और पार्सल देहरादून रोड को 37/1 बिंदलवाला के नाम से भी जाना जाता है देहरादून एडमिन.1339.62.वर्ग फीट. देहरादून शहर ,कन्हैया स्वीट शॉप के पास, नेशविला रोड, उत्तराखंड-248001 पूर्व द्वारा:-प्रॉप. दूसरों की, पश्चिम द्वारा:-प्रॉप. अन्य, उत्तर द्वारा:-प्रोप। दूसरों का, दक्षिण द्वारा:-10 फुट. गली.	18.01.2024	07.10.2023	ऋण संख्या ल्ट्र/0034/ल्/16/100073 रु.2120141.13/- (बीस रुपये) एक लाख बीस हजार एक सौ इकतालीस पैसे केवल तेरह) पर देय 07/10/2023 ब्याज सहित @ 14.80 प्रति वर्ष एहसास होने तक.
	सत्यनारायण, अर्चना,	वह सब टुकड़ा और बंधक संपत्ति का पार्सल हाउस बियरिंग एमपीएल नंबर 8/1166/11 नया नंबर 8/1910 प्लॉट माप पर निर्मित। 50 वर्ग. ि पर स्थित है न्यू कृष्णा नगर, वीर नगर के पास, सहारनपुर, सीमाएँ नीचे हैं: -पूर्व:-श्री का घर। गुलजार. पश्चिम:- रास्ता 19 फीट। चौड़ा। उत्तर:-श्री का घर। भीम डोडा दक्षिण:-श्री की संपत्ति। राजीव आहूजा.	22.01.2024	06.11.2024	ऋण संख्या ल्त्र्र/0540/ल्/20/100071 रु.1914019.38/- (रु उन्नीस लाख चौदह हजार उन्नीस पैसे तीस केवल आठ) पर देय 06/11/2023 ब्याज सहित @ 14 प्र.अ. एहसास होने तक.
	अबरार अहमद, सदमा प्रवीण,	प्लॉट नंबर 26 और दक्षिण भाग का वह सारा टुकड़ा और पार्सल प्लॉट नंबर 27, ख नंबर 209 मीटर वेक ग्राम पटना उर्फ नयाबांस, परगना सुल्तानपुर, सहारनपुर प्रशासन:- 200 वर्ग गज. जुमा मस्जिद के पास पिन कोड-247231 सीमाबद्ध:- पूर्व:-15 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम:-प्लॉट हमीद और अन्य प्लॉट का, उत्तर:-मालिक प्लॉट, दक्षिण:-नाजिम का भूखंड।	22.01.2024	06.11.2024	ऋण संख्या ल्त्र्र/0540/ल्/21/100040 रु.1473246.63/- (रु चौदह लाख तिहत्तर हजार दो सौ चालीस केवल छह पैसे तिरसठ पैसे) 06/11/2023 को देय 14 प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित तक अहसास.
	राकेश गोस्वामी, अन्नु गोस्वामी,	आवासीय घर का वह सारा टुकड़ा और पार्सल खसरा संख्या-579 मील, मौजा/ग्राम के भाग पर स्थित-मोहनपुरा मोहम्मदपुर, परगना और तहसीलरुड़की, जिला-हरिद्वार प्रशासन:-854.84.वर्ग फीट। आर्यन होटल पिन कोड-247667 से घिरा:- पूर्व:-रास्ता 12 फीट चौड़ा, पश्चिम:-प्लॉट श्रीमती बीना पत्नी अमर सिंह, उत्तर:-प्लॉट श्रीमती डिम्पल का, दक्षिण:-रास्ता 14 फीट चौड़ा।	22.01.2024	06.11.2024	ऋण संख्या ल्ट/0173/ल्/19/100061 रु.844459.98/- (आठ रुपये) लाख चौवालीस हजार चार सौ उनचास पैसे नब्बे केवल आठ) पर देय 06/11/2023 ब्याज सहित @ 17.5 प्रति वर्ष एहसास होने तक.

स्थान:देहरादुन, सहारनपुर, हरिद्वार
दिनांक: 24.01.2024

एसडी/- प्राधिकृत कार्यालय
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
पंजीकृत कार्यालय: 602, 6वीं मंजिल, जीरो वन आईटी पार्क, एसआर। नहीं। 79/1, घोरपडी, मुंधवा रोड, पुणे 411036
ब्रांच ऑफ यूनिट: आशीर्वाद टावर दूसरी मंजिल, प्रेम नगर आश्रम के पास, रेमंड्स शो रूम के सामने, हरिद्वार, उत्तराखंड-249407।

ई-नीलामी बिक्री सूचना

सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्ति की ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (अधिनियम) के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना, नियम 8 के साथ पढ़ें
और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के 9। इसके द्वारा सामान्यत: उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को प्रचारित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां ग्रिहम हाउसिंग के पास गिरवी रखी गई हैं।
फाइनेंस लिमिटेड (जिसे पहले पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था, पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का नाम 17 नवंबर से बदलकर गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड हो गया है।
2023 (पहले मैग्मा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था और मूल रूप से जीई मनी हाउसिंग फाइनेंस पब्लिक अनलिमिटेड कंपनी के नाम से निगमित) (इसके बाद इसे के रूप में जाना जाता है)
अधिनियम के अनुसारसुरक्षित ऋणदाता), जिसका कब्जा अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षित ऋणदाता के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है।
अधिनियम की धारा 13(2) के तहत नोटिस के अनुसार सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पढ़ें।
सुरक्षित संपत्तियां ई-नीलामी के माध्यम से 24/02/2024 के आधार परअसीसल्हेयरिस,असीसल्हाटिस, और जो कुछ भी है पर बेची जाएंगी। इसके द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि हम आचरण करने जा रहे हैं वेबसाइट:https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से जनता।
बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया जीएचएफएल/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट यानी www.grihumhousing.com पर दिए गए लिंक को देखें।

प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना दिनांक और उत्कृष्ट राशि (बी)	इसकी प्रकृति कब्जा (सी)	विवरण संपत्ति का (डी)	संरक्षित कीमत (इ)	ईएमडी (10% आरपी के) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धि- एनटीएल बोली (एच)	संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय (आई)	नीलामी की तारीख और समय (जे)	ज्ञात बंधन- प्रतिबंध/ न्यायालय मामले यदि कोई हों तो (के)
ऋण सं. एचएम/0173/एच/17/100263 संजय गिरी (उधारकर्ता), उर्मिला देवी (कोबोरो ईआर)	नोटिस दिनांक: 25/08/2022 रु. 2033046.70/- (रुपए बीस लाख तैंतीस हजार छियालीस और सत्तर पैसे मात्र) 25/08/2022 को 13.50% प्रति वर्ष की दर से ब्याज सहित देय। तक अहसास.	भौतिक	आवासीय संपत्ति का वह सारा टुकड़ा और पार्सल प्लॉट नंबर 2 0, के हा एस आर ए एन ओ। 5 11 /4, माप क्षेत्रफल 71.79 वर्ग। मीटर. एवं आच्छादित क्षेत्रफल 88.75 वर्ग मीटर। मौजा ढंडेरा (न्यू कीर्ति नगर) परगना, तहसील रूड़की और जिला हरिद्वार, उत्तराखंड में स्थित है।	रु.15,99,332/ (पन्द्रह लाख नब्बे रुपए केवल नौ हजार तीन सौ बत्तीस)	रु. 1,59,933.2/- (एक लाख पचास रुपए नौ हजार नौ सौ तीस केवल तीन और बीस पैसे)	23-02-2024 शाम 5 बजे से पहले	10,000/	17-02-2024 (सुबह 11 बजे) शाम 4 बजे)	24-02-2024 (सुबह 11 बजे) दोपहर 2 बजे)	शून्य

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों का दौरा करें, और अपनी जांच करें और अतिरिक्त शुल्क, ऋणभार और किसी तीसरे पक्ष के हितों का पता लगाएं और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं में खुद को संतुष्ट करें। संपत्ति से जुड़े सभी वैधानिक बकाया जैसे संपत्ति कर, बिजली/पानी का बकाया और कोई अन्य बकाया, यदि कोई हो, का पता लगाया जाना चाहिए और सफल बोलीदाता द्वारा भुगतान किया जाना चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करना होगा और पहले से ही लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करना होगा, जो नीलामी सेवा प्रदाता) सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड से ई-बोली के लिए अनिवार्य है। पता- प्लॉट नंबर-68 तीसरी मंजिल गुड़गांव हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर- 7291981124,25,26 सपोर्ट ईमेल आईडी Support@bankeauctions.co। संपर्क व्यक्ति विनोद चौहान, ईमेल आईडी- delhi@c1india.com संपर्क नंबर- 9813887931। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता केवल उनसे ही ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के खाते में एनईएफटी/आरटीजीएस/डीडी के माध्यम से बयाना राशि जमा (ईएमडी) की राशि जमा करनी होगी। खाता संख्या- 000651000460 और आईएफएससी कोड- आईसीआईसी0000006, 20, आर.एन. मुखर्जी रोड- कोलकाता-700001, किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से 23/02/2024 को या उससे पहले निकाला गया और https://www.bankeauctions.com पर अपना नाम पंजीकृत करें और प्राप्त करें उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड नि:शुल्क प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी पर प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर अपने पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां अपलोड करनी होंगी, ई-मेल करना होगा और पते पर स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी भेजनी होगी- आशीर्वाद टॉवर दूसरी मंजिल, प्रेम नगर आश्रम के पास, रेमंड्स शो रूम के सामने , हरिद्वार, उत्तराखंड-249407 .मोबाइल नंबर. +91 8588802671 और +91 9567626050 ई-मेल आईडी rahul.r1 @grihumhousing.com.
ई-नीलामी में भाग लेने के लिए नियम और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया https://www.bankeauctions.com&www.grihumhousing.co पर जाएं।
इस नोटिस को सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के तहत उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को 30 दिन का नोटिस माना जाना चाहिए।

स्थान: हरिद्वार
दिनांक: 24.01.2024

प्राधिकृत अधिकारी गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

गणतंत्र दिवस पर 26 पुलिस कर्मी होंगे सम्मानित, नाम घोषित

स्वतंत्र चेतना

देहरादून। पुलिस मुख्यालय की ओर से मंगलवार को गणतंत्र